**अव्यवस्था** | सड़के बनी पार्किंग, प्रशासन की चुप्पी से रोज़ बढ़ रही परेशानी

# गोरखपुर में ट्रैफिक व्यवस्था बेपटरी




**नवभारत, जबलपुर।** शहर के व्यस्ततम इलाकों में शुमार गोरखपुर बाज़ार इन दिनों गंभीर यातायात अव्यवस्था का शिकार बना हुआ है। गोरखपुर क्षेत्र में संचालित बड़े-बड़े शोरूम और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के बाहर ग्राहकों द्वारा सड़क पर ही वाहन खड़े कर दिए जाते हैं, जिसके कारण मुख्य मार्ग की चौड़ाई सिमट जाती है और आए दिन लंबा जाम लग जाता है। वही बुधवार को अवैध और अव्यवस्थित पार्किंग के कारण स्कूल बसें, ट्रैवलर, एम्बुलेंस और अन्य बड़े वाहन बीच सड़क में फंस गए जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायतें जाने के बावजूद न तो यातायात विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है और न ही नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कोई प्रभावी मुहिम चलाई जा रही है।

सड़क पर खड़े वाहनों को हटाने या टोइंग कार्रवाई भी लगभग न के बराबर दिखाई देती है। शहरों में सड़क किनारे अवैध पार्किंग और अतिक्रमण को ट्रैफिक जाम का बड़ा कारण माना जाता है, जिस पर विभिन्न शहरों में पुलिस और प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जरूरत बताई जाती रही है।

**रोज़ उठ रही प्रमुख मांगे**

- सड़क किनारे अवैध पार्किंग पर तत्काल कार्रवाई हो।
- शोरूम संचालकों को पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जाएं।
- नियमित टोइंग अभियान चलाया जाए।
- ट्रैफिक पुलिस की स्थायी तैनाती की जाए।
- अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया जाए।

### स्कूली बसें और यात्री वाहन सबसे ज्यादा

सुबह और शाम के समय में हालात और भी खराब हो जाते हैं। स्कूली बसों और ट्रैवलर वाहनों को निकलने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। कई बार वाहन चालकों के बीच विवाद की स्थिति भी बन जाती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते पार्किंग व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो आने वाले दिनों में स्थिति और विकराल हो सकती है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब सड़क पर खुलेआम अवैध पार्किंग हो रही है तो जिम्मेदार विभाग कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे? क्या नियम केवल आम नागरिकों के लिए हैं? आखिर कब तक गोरखपुर के लोग रोजाना जाम और अव्यवस्था का खामियाजा भुगतते रहेंगे?

## यहूदी आरामगाह विवाद राज्य शासन को पक्षकार बनाने के निर्देश

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस हिमांशु जोशी की एकलपीठ के समक्ष बुधवार को आगा चौक, जबलपुर स्थित यहूदी आरामगाह भूमि विवाद से जुड़े मामले की सुनवाई हुई। एकलपीठ ने याचिकाकर्ता केवट परिवार को राज्य शासन को पक्षकार बनाने के निर्देश दिए। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि अब तक राज्य शासन को पक्षकार नहीं बनाया गया है, जबकि मामले के प्रभावी निराकरण के लिए उसकी उपस्थिति आवश्यक है। मामले की अगली सुनवाई राज्य शासन को पक्षकार बनाए जाने और आवश्यक दस्तावेज रिकार्ड पर आने के बाद होगी। याचिकाकर्ता पक्षकार लखन व शशांक केवट को यह भी निर्देशित किया गया कि यदि कोई दस्तावेज पेश करना हो तो उसकी प्रमाणित प्रति ही रिकार्ड पर दाखिल की जाए। वहीं, रिकार्ड तलब करने के लिए अतिरिक्त समय देने का अनुरोध अदालत ने स्वीकार नहीं किया और इस संबंध में कोई और तारीख देने से इनकार कर दिया।

# 1600 का फोर्स बाहरी जिलों से बुलाया गया

**4,600 से अधिक का बल संभालेगा सुरक्षा का जिम्मा, अलर्ट मोड में सुरक्षा एजेंसियां**

**राष्ट्रपति के दौरे को लेकर हाईअलर्ट में शहर**

**खुफिया इनपुट, वीवीआईपी प्रोटोकॉल के तहत चप्पे-चप्पे पर किए जा रहे सुरक्षा के कड़े इंतजाम**



**नवभारत, जबलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस और रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति के जबलपुर आगमन को लेकर शीर्ष सुरक्षा एजेंसियों के साथ पुलिस, प्रशासन हाईअलर्ट मोड में आ गया है। 16,00 का फोर्स बाहरी जिलों से बुलाया गया। जबकि 3,000 से अधिक बल जिले से सुरक्षा का जिम्मा संभालेगा। लगभग 4,600 से अधिक का फोर्स तैनात होगा। जबकि सुरक्षा एजेंसियां पहले से ही हाई अलर्ट पर है । चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। खुफिया इनपुट और वीवीआईपी प्रोटोकॉल के तहत सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। सुरक्षा चक्र का खाका तैयार कर लिया गया है।

### केन्द्रीय सुरक्षा बल कमांडो, विशेष विंग जवान भी होंगे तैनात

जानकारी के अनुसार महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू 20 जून को शाम 6.10 बजे कलाईकुंडा एयरपोर्ट पश्चिम बंगाल से भारतीय वायु सेना के विमान से जबलपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगी। यहां रात्रि विश्राम करेंगी। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सुबह 7.20 बजे गैरीसन ग्राउंड में आयोजित सामूहिक योग के कार्यक्रम में शामिल होंगी। सुबह 11.40 बजे रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के 36वें दीक्षांत समारोह में शामिल होने के बाद दोपहर 12.50 बजे जबलपुर एयरपोर्ट रवाना होंगी। एयरपोर्ट से दोपहर 1.20 बजे भारतीय वायु सेना के विमान द्वारा ग्वालियर प्रस्थान करेंगी। राष्ट्रीपति के दौरान के बीच केंद्रीय सुरक्षा बलों और विशेष कमांडो महामहिम के सबसे करीब तैनात रहेंगे। इसके साथ ही आतंकवाद निरोधी दस्ते और विशेष विंग के जवानों का होगा। सादे कपड़ों में भी जवानों की तैनाती होगी। जवान भीड़भाड़ वाले इलाकों और संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखेगे ।

### उप मुख्यमंत्री देवड़ा मिनिस्टर इन-वेटिंग नामित

राज्य शासन ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के 20 और 21 जून के प्रस्तावित जबलपुर प्रवास के दौरान उनकी अगवानी और विदाई के लिये उप मुख्यमंत्री एवं जबलपुर जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा को मिनिस्टर-इन-वेटिंग नामित किया है।

### रवानगी के साथ आमद शुरू

सुरक्षा, यातायात व्यवस्था को संभालने के लिए आसपास के जिलों से भी बल बुलाया गया है। जिन जिलों से बल को जबलपुर बुलाया गया है उसमें भोपाल, रीवा, छिंदवाड़ा, सिंगरौली, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, नरसिंहपुर शामिल है। बुधवार से इन जिलों में पदस्थ फोर्स की रवानगी शुरू हो गई। इसके साथ ही देर रात तक जबलपुर में इनकी आमद दर्ज की जाने लगी थी।

### थल से लेकर नभ तक होगी निगरानी

थल से लेकर नभ तक पैनी निगरानी होगी । राष्ट्रपति के काफिले के रूट और कार्यक्रम स्थल के आसपास की सभी ऊंची इमारतों की छतों पर आधुनिक हथियारों से लैस टीमों की पैनी नजर होगी। ड्रोन से भी नजर रखी जायेगी । इसके अलावा शहर के सभी प्रवेश द्वारों, होटलों, लॉज और धर्मशालाओं में राष्ट्रपति के आगमन के पहले सघन तलाशी अभियान भी शुरू कर दिया गया है।

### पंद्रह किलोमीटर की परिधि नो फ्लाइंग जोन घोषित

सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने आदेश जारी कर डुमना विमानतल, गेरिसन ग्राउंड, सर्किट हाउस क्रमांक-एक, एमईएस रेस्ट हाउस, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय तथा डुमना विमानतल से गेरीसन ग्राउंड तक के आवागमन मार्ग की 15 किलोमीटर की परिधि को नो फ्लाइंग जोन एवं रेड जोन घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी यह आदेश 20 जून की सुबह 10 बजे से 21 जून की रात 10 बजे लागू रहेगा। इस अवधि के दौरान इन चिन्हित क्षेत्रों के पंद्रह किलोमीटर के दायरे में ड्रोन, पैराग्लाइडिंग, हॉट एयर बैलून या किसी भी प्रकार की फ्लाइंग ऑब्जेक्ट्स का संचालन पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध वायुयान अधिनियम और अन्य संबंधित धाराओं के तहत कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

## साहब....पुलिस दर्ज नहीं कर रही सड़क हादसे की रिपोर्ट



**जबलपुर।** साहब...शहपुरा थाना अंतर्गत किसरौद टोल नाके पास 11 जून को मेरे पिता को बेलगाम कार चालक ने टक्कर मार दी थी लेकिन थाने में रिपोर्ट नहीं लिखी गई है। यह गुहार पीड़ित बेटे ने लगाते हुए कार्रवाई की मांग पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय से की है। पीड़ित मोहित प्रधान ने बताया कि उसके पिता रामजी प्रधान 11 जून की रात मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। किसरौद टोल नाके के पास एक कार चालक ने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी थी। हादसे में रामजी प्रधान के हाथ-पैर में गंभीर चोटें आईं। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। दुर्घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए जब मोहित प्रधान शहपुरा थाने पहुंचे तो पुलिस ने प्रत्यक्षदर्शी न होने का हवाला देते हुए घायल को साथ लाने को कहा। इसके बाद वह अपने पिता को एम्बुलेंस से थाने लेकर पहुंचे, जहां घायल करीब तीन घंटे तक एम्बुलेंस में ही मौजूद रहे लेकिन पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की। पुलिस ने वाहन मालिक से पूछताछ का हवाला दिया और दो दिन बाद आने को कहा। अब पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाते हुए एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

## सरकारी स्कूलों की बदहाली पर हाईकोर्ट सख्त

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं और अधोसंरचना की स्थिति को लेकर राज्य शासन से विस्तृत जानकारी तलब की थी। मामले में आगे हुई सुनवाई दौरान सरकार की ओर से स्कूलों के भवन, सुविधाओं और संसाधनों संबंधी ब्यौरा कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिसे रिकॉर्ड पर लेने के बाद सुनवाई पूरी करते हुए न्यायालय ने अपना फैसला सुरक्षित कर लिया। दरअसल इस मामले की शुरुआत जबलपुर के करौंदी स्थित कैंट स्कूल की बदहाल स्थिति संबंधी जानकारी सामने आने से हुई थी, जिस पर हाईकोर्ट ने स्वत- संज्ञान लेते हुए इसे जनहित याचिका के रूप में दर्ज किया था। सुनवाई के दौरान बताया गया कि संबंधित स्कूल राज्य शासन के बजाय स्थानीय निकाय द्वारा संचालित है। इसके बाद हाईकोर्ट ने दायरा बढ़ाते हुए पूरे प्रदेश में राज्य सरकार तथा स्थानीय निकायों द्वारा संचालित स्कूलों की वास्तविक स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं और आधारभूत ढांचे की जानकारी मांगी थी। न्यायालय ने मुख्य सचिव और स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव को नोटिस जारी कर विस्तृत जवाब पेश करने के निर्देश दिए थे।

## सिद्धघाट पर नर्मदा पूजन के दौरान महिला की डेढ़ तोला सोने की चेन पार



**नवभारत, जबलपुर।** ग्वारीघाट के सिद्धघाट पर पूजन करने आई एक बुजुर्ग महिला के गले से चोर ने डेढ़ तोला सोने की चेन पर हाथ साफ कर दिया वारदात उस समय हुई जब पीड़िता अपने नाती के साथ पूजन कर रही थी। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, रांझी के गोकलपुर में रहने वाली 56 वर्षीय श्रीमती सरस्वती बाई चौधरी सुबह करीब 11 बजे अपने नाती के साथ सिद्धघाट पहुंची थीं। वह गले में करीब डेढ़ तोला वजनी सोने की चेन पहने हुई थीं। घाट पर नर्मदा जी की पूजा-अर्चना के दौरान उनका ध्यान अचानक गले पर गया, तो उनके होश उड़ गए। गले में पहनी हुई सोने की कीमती चेन गायब थी। पीड़िता ने ग्वारीघाट थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई और मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई।

## हथियारबंद बदमाशों ने लाइनमैन को घेर चाकू मार लूटा

**नवभारत, जबलपुर।** गोसलपुर थाना अंतर्गत नेशनल हाईवे एनएच 30 में देर रात ड्यूटी कर लौट रहे एक प्राइवेट लाइनमैन को हथियारबंद बदमाशों ने घेर लिया और चाकू से ताबड़तोड़ वार किए और उसकी मोटरसाइकिल, मोबाइल सहित नगदी लूटकर फरार हो गए। घायल युवक आधी रात तक लहूलुहान हालत में खेत में बेहोश पड़ा रहा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, मोहला निवासी अजीत कुमार पटेल (32) गोसलपुर पावर हाउस में प्राइवेट लाइनमैन है। मंगलवार रात लगभग 9 बजे वह मुस्करा में बिजली फॉल्ट ठीक करने गया था। काम खत्म करने के बाद वह अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 20 जेड सी 9637 से गोसलपुर वापस लौट रहा था। रात लगभग 11:30 बजे, नेशनल हाईवे एनएच 30 से महज 200 मीटर पहले एक अनजान युवक ने हाथ देकर अजीत को रोका। अजीत ने जैसे ही गाड़ी रोकी, युवक ने तुरंत चाकू निकाल लिया और पैसे देने की धमकी दी। आरोपी ने अजीत की जेब में रखे 1200 और उसका मोबाइल फोन छीन लिया। जब पीड़ित ने लूट का विरोध किया, तो आरोपी ने चाकू से हमला कर दिया। इसी बीच अंधेरे से निकलकर आरोपी के 2-3 अन्य साथी भी वहां आ धमके। खुद को घिरा देख अजीत अपनी मोटरसाइकिल छोड़कर भागने लगा, लेकिन बदमाशों ने उसे दौड़ाकर उसकी कमर पर चाकू से दूसरा वार कर दिया। इसके बाद बदमाश पीड़ित की मोटरसाइकिल लेकर भी रफूचक्कर हो गए। चारों तरफ अंधेरा होने के कारण पीड़ित आरोपियों के चेहरे ठीक से नहीं देख सका। वह जान बचाने के लिए रेंगते हुए पास के खेत की तरफ भागा, जहां अत्यधिक खून बहने की वजह से वह बेहोश हो गया। करीब 2 से 3 घंटे बाद जब उसे होश आया, तो वह किसी तरह घिसटते हुए हाईवे पर स्थित राजेश यादव की टायर पंचर दुकान पर पहुंचा और मदद मांगी। बुधवार सुबह पीड़ित लाइनमैन ने गोसलपुर थाने पहुंचकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई।

## नई अनुकंपा नियुक्ति नीति में व्याप्त विसंगतियों को करें दूर : राकेश पाठक



**नवभारत,जबलपुर।** बिजली कम्पनियों में कार्यरत संविदा आधार पर अनुकंपा नियुक्त कर्मचारियों को नियमित करने के लिए मध्यप्रदेश शासन के ऊर्जा विभाग द्वारा नई अनुकंपा नियुक्ति नीति जारी की गई है उसी के पालनार्थ बिजली कंपनियों द्वारा भी आदेश जारी किए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने कहा कि नई अनुकंपा नियुक्ति नीति जारी करने के लिए मध्यप्रदेश शासन के ऊर्जा मंत्री प्रघुम्न सिंह तोमर, अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा, ऊर्जा सचिव और सभी एमडी गणों का फेडरेशन अभिनंदन,आभार व्यक्त करता है किंतु उपरोक्त नई अनुकंपा नीति में व्याप्त महत्वपूर्ण विसंगतीया हैं, जिससे पूरे प्रदेश में सम्बंधित कर्मचारियों में असहजता, असमानता, असुरक्षा की भावना निर्मित हो रही है। जिससे उन्हें लग रहा है कि इस आदेश के कारण सभी सीनियर जूनियर हों जाएंगे, और जूनियर सीनियर बन जाएंगे। वहीं वेतन में भी विसंगति निर्मित हो जाएंगी। वर्षों से इस नीति, निर्णय का इंतजार कर रहे अनुकंपा आश्रितों को अपना भविष्य फिर असुरक्षित महसूस हो रहा है। मध्य प्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ, फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने ऊर्जा मंत्री, अतरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा, ऊर्जा सचिव और सभी एमडी गणों को पत्र प्रेषित कर आग्रह किया है कि नीति में व्याप्त निम्नलिखित विसंगतियों, बिन्दुओं पर समुचित ध्यान देकर इसका निराकरण कराया जाएं, तभी इन अनुकंपा आश्रितों को इसका समुचित लाभ मिल सकेगा।

### जल संकट के विरोध में ननि मुख्यालय में प्रदर्शन आज

**नवभारत, जबलपुर।** पूर्व पार्षद गोकलपुर राजेश यादव ने बताया कि उपनगरीय क्षेत्र रांझी और गोकलपुर में व्याप्त भीषण जल संकट के विरोध में आज दोपहर 12 बजे नगर निगम मुख्यालय में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा जाएगा। क्षेत्र के गोकलपुर वार्ड, अंबेडकर वार्ड, सुदर्शन वार्ड, चंद्रशेखर वार्ड और लालालाजपत राय वार्ड सहित संपूर्ण रांझी में पानी के लिए त्राहि-त्राहि मची हुई है। प्रशासन द्वारा निर्धारित एक समय की जल आपूर्ति भी पूरी तरह ठप हो चुकी है, जिससे मजबूर होकर नागरिकों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है या फिर उसे खरीदना पड़ रहा है। स्थानीय जनों का कहना है कि नगर निगम के टैंकरों के माध्यम से सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है और पानी बेचने की शिकायतें भी सामने आई हैं।

## पीआरओ के सूने मकान से लाखों के जेवरात और नकदी ले गए चोर

**मुंबई गया था परिवार, पड़ोसी की सूचना पर लौटे तो होश उड़े**

**नवभारत, जबलपुर।** गोहलपुर थाना अंतर्गत समता कॉलोनी अम्बेडकर कॉलोनी में चोरों ने पीआरओ के सूने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना के वक्त पीड़ित परिवार अपनी बेटी से मिलने मुंबई गया हुआ था। पड़ोसी की सूचना पर लौटे पीड़ित ने जब घर की हालत देखी, तो उनके होश उड़ गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, समता कॉलोनी निवासी शरद आचार्य (66) विजयनगर स्थित नचिकेता स्कूल में जनसंपर्क अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। वे बीते 23 मई को शाम करीब 6 बजे अपने घर का ताला बंद कर परिवार सहित मुंबई अपनी बेटी स्वर्णिमा आचार्य के घर गए थे। पूरा परिवार करीब पखवाड़े भर से मुंबई में ही था, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। शरद आचार्य के पड़ोसी ने उन्हें मोबाइल पर सूचना दी कि उनके घर का मुख्य दरवाजा खुला हुआ है और ताला टूटा पड़ा है। चोरी की खबर मिलते ही पीड़ित परिवार मुंबई से रवाना हुआ और जबलपुर पहुंचा। पीड़ित ने घर आकर देखा तो मुख्य द्वार समेत अंदर के कमरों के ताले टूटे हुए थे। कमरों के भीतर सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने बेडरूम में रखी अलमारी का लॉक कटर से काटा और उसमें रखे कीमती जेवरात समेट लिए। चोरी गए सामान में सोने की दो जोड़ी झुमकी, सोने के दो जोड़ी टॉप्स, एक कीमती डायमंड सेट, चांदी की दो जोड़ी पायल अन्य सोने-चांदी के आभूषण और नगदी शामिल हैं। पीड़ित शरद आचार्य की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस कॉलोनी और मुख्य रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि संदिग्धों की पहचान की जा सके।

## उड़ानों में कटौती पर वायुसेवा संघर्ष समिति ने जताई चिंता

**इंडिगो प्रबंधन को ज्ञापन भेज की गई मांग**




**नवभारत,जबलपुर।** जबलपुर एवं महाकौशल क्षेत्र की वायु संपर्क सुविधाओं को प्रभावित करने वाली इंडिगो एयरलाइंस द्वारा मुंबई एवं बैंगलुरू की उड़ानों की संख्या में की गई कटौती पर वायुसेवा संघर्ष समिति ने गहरी चिंता व्यक्त की है। समिति ने इस संबंध में इंडिगो एयरलाइंस के प्रबंध निदेशक को विस्तृत ज्ञापन प्रेषित कर निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की है। साथ ही मैनेजमेंट से चर्चा कर स्थिति को यथावत रखने आग्रह किया है।

समिति के संयोजक हिमांशु खरे ने कहा कि जबलपुर महाकौशल क्षेत्र का प्रमुख औद्योगिक, व्यापारिक, शैक्षणिक, चिकित्सा एवं रक्षा केंद्र है। देश के विभिन्न महानगरों से इसकी नियमित हवाई कनेक्टिविटी क्षेत्र के आर्थिक विकास, निवेश, पर्यटन और व्यापारिक गतिविधियों के लिए अत्यंत आवश्यक है। उड़ानों की संख्या में कमी से यात्रियों को असुविधा होने के साथ-साथ क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

### महाकौशल का प्रवेश द्वार है जबलपुर

ज्ञापन में ये भी कहा गया है कि जबलपुर से मुंबई एवं बेंगलुरु जैसे महत्वपूर्ण गंतव्यों के लिए पर्याप्त उड़ान सेवाएं उपलब्ध रहना आवश्यक है। वर्तमान में उड़ानों की संख्या कम होने से यात्रियों के विकल्प सीमित होंगे तथा हवाई किरायों में वृद्धि की संभावना भी बढ़ेगी। समिति ने यह भी सुझाव दिया है कि एयरलाइन कंपनी स्थानीय उद्योग एवं व्यापार संगठनों के साथ संवाद स्थापित कर वास्तविक यात्री मांग का मूल्यांकन करे तथा आगामी त्योहारी एवं व्यावसायिक सीजन को देखते हुए उड़ानों की संख्या में वृद्धि की कार्ययोजना तैयार करे। हिमांशु खरे ने कहा कि जबलपुर केवल एक शहर नहीं, बल्कि सम्पूर्ण महाकौशल क्षेत्र का प्रवेश द्वार है।

### सड़क किनारे झाड़ियों में मिला शव

**नवभारत, जबलपुर।** गोरखपुर थाना अंतर्गत मांडवा मार्ग पर बुधवार को सुबह एक अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक की पहचान के प्रयास कर रही हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, रामपुर छापर निवासी गणेश बारी (42) बुधवार सुबह करीब 10 बजे बृजमोहन नगर होते हुए मांडवा की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से लगभग 100 मीटर पहले, पहाड़ी के पास सड़क के दाहिनी ओर झाड़ियों में उन्हें एक शव दिखाई दिया। गणेश बारी की सूचना पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि मृतक पुरुष की उम्र करीब 45 वर्ष है और वह फुल पैंट व शर्ट पहने हुए है। पुलिस ने घटनास्थल का पंचनामा कर शव को अपने कब्जे में ले लिया है।

**परेशानी** | यात्रियों को करते है परेशान

# पिंक स्टेशन के बाहर पीले ऑटो का कब्जा



**जबलपुर, नवभारत।** शहर के इकलौते पिंक रेलवे स्टेशन मदन महल के बाहर इन दिनों ऑटो और ई रिक्शों का जमावड़ा लगा हुआ है। यहां रोजाना ट्रेनों के आने व जाने के दौरान जाम लग रहा है। बता दे कि इस जाम का कारण स्टेशन गेट के बाहर खड़े हो रहे ऑटो और ई रिक्शा हैं। सवारी की लालच में ऑटो रिक्शा चालक गेट के सामने रिक्शा खड़ा कर देते हैं। जाम लगने से यात्रियों को स्टेशन जाने और आने दोनों में ही परेशानी होती है। रेलवे स्टेशन के बाहर हर दिन जाम के नजारे आम हो चुके हैं। वही सिर्फ दिन में नहीं शाम के समय भी इसी तरह की परेशानी होती है। सवारियों की लालच में ऑटो रिक्शा चालक स्टेशन के प्रवेश द्वार के पास ही ऑटो रिक्शा खड़ा कर देते हैं। जबकि रेलवे ने ऑटो रिक्शा को खड़े किए जाने के लिए स्थान भी निर्धारित किया है। बावजूद इसके ऑटो रिक्शा चालक रेलवे स्टेशन गेट के पास ऑटो रिक्शा खड़ा करते हैं।

**सोमनाथ, इंदौर बिलासपुर जैसी ट्रेनों के समय लगता है जाम**

रेलवे स्टेशन के बाहर सबसे अधिक परेशानी सुबह और शाम के समय होती है। इस समय सोमनाथ, इंदौर बिलासपुर जैसी यात्री ट्रेनों का दबाव अधिक रहता है। प्लेटफार्म में यात्री ट्रेन से उतरने के बाद स्टेशन के बाहर आते हैं तो वहां पर ऑटो रिक्शा चालक जाम लगाए खड़े रहते हैं। ऑटो रिक्शा के कारण यात्रियों को निकलने में परेशानी होती है।

### छोटा हाथी से ढुल रही शराब पकड़ाई

**जबलपुर।** अधारताल पुलिस ने अमखेरा में दबिश देकर छोटा हाथी से ढुल रही शराब पकड़ी है। साथ ही तस्कर को भी दबोचा है। कार्रवाई के दौरान 90 कार्टून में 4500 पाव देशी शराब एवं शराब परिवहन में छोटा हाथी वाहन जप्त की गई। टीआई विपिन ताम्रकार ने बताया कि अमखेरा रोड जागृतिनगर के पास घेराबंदी कर छोटा हाथी चालक जसवीर सिंह संधु 32 वर्ष निवासी लेमा गार्डन राजीव गांधी आवास गोहलपुर को दबोचा गया जबकि उसका साथी अनिल भाग निकला। छोटा हाथी वाहन क्रमांक एमपी 20 जेड एम 6942 की तलाशी लेने पर 90 कार्टून रखे मिले, चैक करने पर कुल 4 हजार 500 पाव देशी शराब कीमती लगभग 4 लाख 50 हजार रूपये की रखी मिली।

## आधी रात को कमरे से गायब हुई 9वीं की छात्रा, अपहरण की आशंका



**नवभारत, जबलपुर।** गढ़ा थाना अंतर्गत गंगासागर एकता चौक के पास रहने वाली एक 14 वर्षीय नाबालिग छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। घटना के समय छात्रा अपने माता-पिता और छोटी बहन के साथ एक ही कमरे में सो रही थी। परिजनों ने अज्ञात पर नाबालिग को बहला-फुसलाकर अगवा कर ले जाने का संदेह जताया है। पीड़ित पिता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक गंगासागर निवासी 47 युवक ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात करीब 11 बजे वे अपनी पत्नी, बड़ी 14 वर्ष और छोटी बेटी 10 के साथ खाना खाकर एक ही कमरे में सोए थे। देर रात करीब 1:30 बजे जब अचानक आँख खुली, तो उन्होंने देखा कि 9वीं कक्षा में पढ़ने वाली 14 वर्षीय बेटी बिस्तर पर नहीं थी। बेटी के अचानक गायब होने से घबराए पिता ने तुरंत अपनी पत्नी को जगाया। दोनों ने मिलकर आधी रात को ही घर के आसपास, गली-मोहल्ले और रिश्तेदारों के यहाँ ओजस्वी की काफी खोजबीन की। जब सुबह तक उसका कोई सुराग नहीं मिला, तो बदहवास परिजन गढ़ा थाने पहुँचे और मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले जाने का मामला दर्ज कर लिया है।

### मझगवां से 10वीं की छात्रा गायब

मझगवां थाना अंतर्गत रमखिरिया हरदौल मोहल्ला निवासी एक 10वीं कक्षा की छात्रा घर से लापता हो गई है। दोपहर को जब मां खेत से मजदूरी कर घर वापस लौटी, तो बेटी को गायब पाकर उसके होश उड़ गए। काफी खोजबीन के बाद भी जब किशोरी का कोई सुराग नहीं लगा, तो पीड़ित मां ने थाने पहुंचकर पुलिस को पूरे मामले से अवगत कराया ।